दिन– शुक्रवार दिनांक– 24 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण में कल वाल्मीकिनगर, पूर्वी चम्पारण, वैशाली और सीवान समेत आठ संसदीय क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा मतदान।

02. एक करोड़ उनचास लाख से अधिक मतदाता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल समेत छियासी प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला करेंगे।

03. सातवें और अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरा में भाजपा उम्मीदवार आर.के. सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया।

04. और, बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवातीय तूफान के कारण प्रदेश के कई स्थानों पर छब्बीस मई से हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान।

———————————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में कल मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा की दृष्टि से वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के रामनगर विधानसभा क्षेत्र के पच्चीस बूथों और वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र के उनतीस बूथों पर शाम चार बजे तक ही मतदान का समय निर्धारित है।

———————————————

चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि सभी चौदह हजार आठ सौ बहत्तर मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है। वहीं, संवेदनशील बूथों पर अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जा रहा है। इसके अलावा घुड़सवार दस्ते और नदियों में नाव से भी गश्ती की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि सात हजार छह सौ साठ बूथों से पूरे मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी।

———————————————

आठ संसदीय सीटों पर आठ महिला प्रत्याशियों समेत कुल छियासी उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। एक करोड़ उनचास लाख से अधिक मतदाता इन उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

सीवान और वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है जबकि अन्य छह सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है। वाल्मीकिनगर में जदयू के सुनील कुमार कुशवाहा और राजद के दीपक यादव के अलावा कांग्रेस के बागी प्रवेश मिश्रा चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। वहीं, सीवान में जदयू की विजयलक्ष्मी देवी, राजद के अवध बिहारी चौधरी और निर्दलीय हिना शहाब के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हैं। पूर्वी चंपारण में भाजपा के राधा मोहन सिंह और वीआईपी के राजेश कुमार के बीच मुख्य मुकाबला है। पश्चिम चंपारण में भाजपा के डॉक्टर संजय जायसवाल और कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी आमने–सामने हैं। शिवहर में जदयू की लवली आनंद और राजद की रितु जायसवाल के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। वहीं, वैशाली में लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की वीणा देवी को राजद के मुन्ना शुक्ला चुनौती दे रहे हैं। गोपालगंज में जदयू के आलोक कुमार सुमन और वीआईपी के प्रेमनाथ चंचल आमने–सामने हैं। महाराजगंज में भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और कांग्रेस के आकाश कुमार सिंह के बीच सीधी टक्कर है। समाचार कक्ष से बैजू कुमार झा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुजफ्फरपुर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि वैशाली लोकसभा क्षेत्र में कल होने वाले चुनाव के लिए साठ प्रतिशत से अधिक स्थानों पर लाईव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गयी है।

–––बाईट––––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

हमारे संवाददाता ने बताया कि पूर्वी चम्पारण संसदीय क्षेत्र में कल होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

–––बाईट–––

पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में कल होने वाले चुनाव में 17 लाख 90 हजार से अधिक मतदाता 12 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। जिला प्रशासन की ओर से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सभी एक हजार सात सौ तैंतालीस मतदान केंद्रों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं, सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए मोतिहारी से आलोक कुमार।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि पश्चिम चम्पारण की दो लोकसभा सीट वाल्मीकिनगर और पश्चिम चम्पारण में पैंतीस लाख छप्पन हजार से अधिक मतदाता अठारह प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

हमारे संवाददाता ने बताया है कि शिवहर लोकसभा क्षेत्र में कल होने वाले मतदान को लेकर सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गयी है।

———बाईट———

——————————————————————————————

सारण से हमारे संवाददाता ने बताया है कि महाराजगंज संसदीय क्षेत्र में कल होने वाले चुनाव के लिए सुरक्षा के विशेष प्रबंध किये गये हैं। मतदान केन्द्रों पर अर्द्ध सैनिक बलों और बिहार पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है।

———बाईट———

महाराजगंज संसदीय क्षेत्र में 6 विधानसभा सीटों एकमा, मांझी, बनियापुर, तरैया, गोरियाकोठी और महाराजगंज में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। हाल ही में छपरा में हुई हिंसा को देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी बूथों पर असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। बिहार और यूपी से लगने वाली सीमाएं भी सील कर दी गई हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सारण से पवन कुमार सिंह।

——————————————————————————————

गोपालगंज से हमारे संवाददाता ने बताया है कि मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। उत्तर प्रदेश से लगे तीस से अधिक स्थानों पर सीमाओं को भी सील कर दिया गया है।

———बाईट———

——————————————————————————————

सीवान से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कल होने वाले मतदान में अठारह लाख से अधिक मतदाता तेरह प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

———बाईट———

——————————————————————————————

प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण के लिए चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने—अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने में लगातार चुनावी सभा, रैली और रोड—शो कर रहे हैं।

——————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 10 वर्ष में केंद्र सरकार ने देश के सभी राज्यों में व्यापक विकास किया है। शिमला में जनसभा को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह आरक्षित श्रेणियों को दिया गया आरक्षण समाप्त करना चाहती है और धर्म के आधार पर आरक्षण को प्राथमिकता दे रही है।

———बाईट———

60 सालों तक कांग्रेस ने सोचा ही नहीं की सामान्य वर्ग में भी गरीब होते हैं, उनकी परवाह ही नहीं की, उनको भी आरक्षण की जरूरत है। कांग्रेस ने हमारे इन समाज को कभी सोचा नहीं, मोदी ने आ करके जिस समाज

की आरक्षण के दायरे से बाहर था उनको बड़ा सुखी–संपन्न माना जाता था, उच्च माना जाता था। मैंने उनके गरीब बच्चों के लिए 10 पर्सेंट आरक्षण दिया और इस देश में कोई झगड़ा नहीं हुआ और किसी का लूट करके नहीं किया और आज इसके कारण हमारे समाज के लोगों को अलग–अलग स्थान पर अवसर मिल रहा है।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में पार्टी प्रत्याशी आर. के. सिंह के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री शाह ने सभा को संबोधित करते हुये दावा किया कि पांच चरणों के चुनाव में एनडीए को तीन सौ से अधिक सीटें मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि बिहार में इस बार इंडी गठबंधन का खाता भी नहीं खुलेगा।

———बाईट——

श्री शाह ने कहा कि एनडीए को चार सौ से अधिक सीटें मिलती हैं तो मुस्लिम आरक्षण को समाप्त कर इसे पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के लोगों को दिया जायेगा।

———बाईट———

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में गृह मंत्री अमित शाह पर झूठा प्रचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में केन्द्र की सरकार बिहार के विकास के लिए कुछ नहीं किया है।

———बाईट———

वहीं, तेजस्वी यादव के बयान पर पलटवार करते हुये लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि राजद को पहले अपने शासनकाल में हुये जॉब घोटाले के बारे में जनता को जानकारी देनी चाहिए।

———बाईट———

इधर, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने काराकाट लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। वहीं, भाजपा की वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज शाम पटना के कंकड़बाग में पटना साहिब से पार्टी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी और पार्टी के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित किया। इधर, भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने काराकाट लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा की। वाम दल भाकपा, माकपा और माले के वरिष्ठ नेताओं ने भी इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में अनेक स्थानों पर जन सम्पर्क और जनसभाएं की।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल काराकाट, बक्सर और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री पटना के विक्रम में पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी रामकृपाल यादव के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री मादी बक्सर में एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी और रोहतास में काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इन संसदीय क्षेत्रों में सातवें चरण में एक जून को मतदान होना है। .

———————————————————————

चक्रवातीय परिसंचरण के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अरवल प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया है कि बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवातीय तूफान के कारण प्रदेश के कई स्थानों पर छब्बीस मई से हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

———बाईट———

———————————————————————

कटिहार के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने महिला सिपाही प्रभा भारती हत्या मामले में संलिप्त तीन पुलिस कर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण में कल वाल्मीकिनगर, पूर्वी चम्पारण, वैशाली और सीवान समेत आठ संसदीय क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा मतदान।

02. एक करोड़ उनचास लाख से अधिक मतदाता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल समेत छियासी प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला करेंगे।

03. सातवें और अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरा में भाजपा उम्मीदवार आर.के. सिंह के  में चुनावी सभा को संबोधित किया।

04. और, बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवातीय तूफान के कारण प्रदेश के कई स्थानों पर छब्बीस मई से हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।